www.avadhkaawaz.com


# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

वर्ष–10 अंक–122 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ मंगलवार 3 अगस्त 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी और विधानसभा अध्यक्ष ने दी भारतीय महिला हाकी टीम को बधाई

लखनऊ, (वेबवार्ता)। भारत की महिला हाकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में सबको चौंकाते हुए इतिहास रच दिया है। महिला हाकी टीम






अस्ट्रेलिया को 1–0 से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारतीय टीम की इस सफलता पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने भारतीय महिला हाकी टीम को बधाई दी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर बधाई दी और कहा, टोक्यो ओलंपिक में अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए भारतीय महिला हकी टीम ने पहली बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में प्रवेश सुनिश्चित किया है। सम्पूर्ण देश को गौरवान्वित करने वाली इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए पूरी टीम को हार्दिक बधाई। ईश्वर से कामना है कि आपकी सफलता का यह क्रम सतत जारी रहे। विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने भारतीय हॉकी टीम को बधाई देते हुए लिखा, भारतीय महिला हकी टीम ने आज टोक्यो 2020 में इतिहास रच दिया है। यह पूरे भारत के लिए गर्व का क्षण हैं। महिला हकी टीम को इस शानदार जीत पर बधाई एवं सेमीफाइनल के लिए शुभकामनाएं। ज्ञात हो कि बता दें कि भारत की महिला हकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में सबको चौंकाते हुए इतिहास रच दिया है। महिला हाकी टीम ने अस्ट्रेलिया को 1–0 से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में पहुंच गई है। इस मैच में गुरजीत कौर के गोल और रक्षापंक्ति के बेहतरीन प्रदर्शन से भारतीय महिला हाकी टीम ने तीन बार सोना जीतने वाली अस्ट्रेलिया को 1–0 से हराकर पहली बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में जगह बनाकर नया इतिहास रच दिया।

## मुख्यमंत्री योगी ने लगवाई कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज, बोले– जीत का टीका लगवाएं, तभी कोरोना हारेगा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लखनऊ में लगवाई। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से वैक्सीन लगवाने की अपील



की है। उन्होंने कहा कि जीत का टीका लगवाएं। तभी कोरोना हारेगा और भारत जीतेगा। दूसरी डोज लेने के बाद उन्होंने ट्वीट कर कहा कि आज स्वदेशी कोविड वैक्सीन की दूसरी डोज प्राप्त कर मन प्रफुल्लित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में कोरोना वैक्सीन का यह 'सुरक्षा कवच' सभी नागरिकों को मुफ्त प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने अपील की कि आप सब लोग भी अपना क्रम आने पर अवश्य लगवाएं 'टीका जीत का'। तभी कोरोना हारेगा, भारत जीतेगा। बता दें कि प्रदेश में कोरोना टीकाकरण का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने दूसरी डोज लेने के बाद फिर वैक्सीन लगवाने की अपील की है।

## सील बिल्डिंग की होगी मॉनिटरिंग, जेई प्रत्येक सप्ताह सर्वे कर देंगे रिपोर्ट

### लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने तय की अफसरों की जिम्मेदारी, अब सील बिल्डिंगों में चोरी-छिपे निर्माण/फिनिशिंग कार्य नहीं करा सकेंगे बिल्डर

अवध की आवाज

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने अवैध निर्माणों के खिलाफ एक और कदम उठाते हुए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की है। जिसके क्रम में अब अवर अभियन्ता अपने



क्षेत्र की सील बिल्डिंगों का हर हफ्ते स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करेंगे। जिसकी निगरानी जोन के विहित प्राधिकारी तथा अधिशासी अभियन्ता द्वारा की जायेगी। उपाध्यक्ष द्वारा स्वयं हर 15 दिन में बैठक कर इस कार्यवाही की समीक्षा की जायेगी। उपाध्यक्ष के इस फैसले से प्राधिकरण द्वारा सील की गई बिल्डिंगों में चोरी–छिपे निर्माण/फिनिशिंग आदि का कार्य कराये जाने की कोई गुंजाईश नहीं होगी। उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने सोमवार को समस्त विहित प्राधिकारी तथा अधिशासी अभियन्ताओं के साथ की गई बैठक में इस सम्बन्ध में आदेश जारी किये। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने बैठक में निर्देशित किया कि प्रत्येक जोन में सील बिल्डिंगों व निर्माणकर्ताओं का ब्यौरा तथा इनसे सम्बन्धित वाद संख्या की पूरी सूची तैयार की जाय। इस सूची के आधार पर अवर अभियन्ता अपने–अपने क्षेत्र के सील किये गये व्यावसायिक एवं आवासीय भवनों का हर हफ्ते निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करायेंगे कि इन स्थानों पर किसी भी तरह का कोई निर्माण कार्य न हो रहा हो। इस दौरान उन्होंने विहित प्राधिकारी तथा अधिशासी अभियन्ताओं को भी फील्ड में निकल कर अवैध निर्माणों को चिन्हित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे हर 15 दिन में अवैधा निर्माणों के खिलाफ की गई कार्यवाही की रिपोर्ट उनके समक्ष प्रस्तुत करें। बैठक में प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार गंगवार ने शासन को भेजे जाने वाली प्रवर्तन से सम्बन्धित सूचनाओं को पोर्टल पर समय से अपडेट करने के सम्बन्ध में चर्चा की गई। इस पर उपाध्यक्ष ने विहित प्राधिकारी श्री अमित राठौर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि समस्त जोन के सम्बन्धित अधिकारी अपने क्षेत्र की मासिक प्रगति रिपोर्ट पोर्टल पर समय से अपलोड करें। जिसकी समीक्षा विहित प्राधिकारी–श्री अमित राठौर द्वारा की जायेगी। इसके अलावा उन्होंने विधिक प्रक्रिया का फ्लो चार्ट तैयार करने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने उन बिल्डिंगों जिनका ध्वस्तीकरण आदेश जारी हो चुका है, उनकी मौजूदा स्थिति का ब्यौरा भी तैयार करने को कहा है।

## डी.एम.एफ. की 50 प्रतिशत राशि जिले में ही खर्च होऋकांग्रेस,पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल एवं पीसी शर्मा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जताई आपत्ति

अवध की आवाज

जिला सिंगरौली। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव अमित द्विवेदी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहा न एव पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को डीएमएफ की राशि को 50ः राशि जिले में ही खर्च करने हेतु ज्ञापन सौंपा है।द्विवेदी ने कहा कि म.प्र. के सभी जिलों को डी. एम.एफ. की राशि 50 प्रतिशत जिला स्तर एवं 50 प्रतिशत राज्य स्तर पर खर्च करने का नियम केन्द्र सरकार द्वारा बनाया गया है। किन्तु केंद्र सरकार के द्वारा बनाए गए नियम के विपरित मप्र



की शिवराज सरकार ने नियम विरूद्ध 75 प्रतिशत की राशि राज्य को लेने का प्रस्ताव कैविनेट में पारित कर लिया गया है । जिसके कारण जिले को मिलने वाली 50ः राशि की जगह अब 25ः ही उपयोग जिले के विकास हेतु मिलेगीजबकि सिंगरौली जिले में मूलभूत सुविधा सड़क, पाना, बिजली, पर्यावरण स्वास्थ्य सुविधा उच्च शिक्षा हेतु इंजीनियनियरिंग मेडिकल कालेज एवं अन्य सुवधाएं जिल में उपलब्ध नही है यह 50 प्रतिशत फंड यदि जिले में होता तो जिले के सर्वांगीण विकास के लिये जिले को फंड के लिए मोहताज नही



होना पड़ेगा। अमित द्विवेदी (प्रदेश सचिव) प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं रमाशंकर शुक्ल ( कार्यवाहक अध्यक्ष)जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा उठाए गए मुद्दे पर काग्रेस के पूर्व मंत्री एवम विधायक कमलेश्वर पटेल एवं विधायक पीसी शर्मा ने संज्ञान लेते हुए मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री को तत्काल पत्र लिखकर आदेश में संशोधन करने हेतु अनुरोध किया है। रमाशंकर शुक्ल (कार्यवाहक अध्यक्ष) ने कहा कि सिंगरौली में खनिज संपदा निकालने के कारण जिले के लोग प्रदूषण, दुर्घटना व अन्य परेशानियों झेल रहे हैं। तो इसका उपयोग भी उसी जिले के लोगों के सुविधा के लिए होना चाहिए अन्य जगह इस राशि का इस्तेमाल सर्वदा अनुचित व आपत्ति जनक है।

# जिला चिकित्सालय में तैयार किये गये आक्सीजन प्लांट का स्थलीय निरीक्षण

## जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों में ऑक्सीजन पाइप लाइन की व्यवस्था देखी

उन्नाव(सू0वि0) जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने जिला चिकित्सालय



में तैयार किये गये आक्सीजन प्लांट का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 पवन कुमार को निर्देश दिये कि आक्सीजन प्लांट से आपूर्ति होने वाली आक्सीजन को जिला अस्पताल के चिन्हित स्थलों के वार्ड संख्या–एक व दो, आइसोलेशन वार्ड, महिला चिकित्सालय, बाल रोग वार्ड आदि स्थानों पर आक्सीजन पाइप लाइन की व्यवस्था को पूरी तरह से संचालित होने से संतुष्ट हो लें कहीं कोई कमी न रह जाए। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर आक्सीजन पाइप लाइन की व्यवस्था को देखा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि आक्सीजन प्लान्ट पूरी तरह से क्रियाशील है, जो कमियां रह गई हैं कार्यदायी संस्था से तत्काल पूरी कराई जा रही हैं। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय के अन्दर आवारा पशुओं के चहल कदमी पर नाराजगी व्यक्त की, निर्देश दिये कि ऐसी व्यवस्था की जाये कि चिकित्सालय भवन के अन्दर कोई भी जानवर न प्रवेश कर पाये।

# जिला महिला चिकित्सालय में विश्व स्तनपान सप्ताह एवं सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का किया गया आयोजन

अवध की आवाज

उन्नाव। शिशु के लिए स्तनपान सर्वोत्तम आहार तथा शिशु का मौलिक अधिकार है। मां का दूध शिशु के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह शिशु को डायरिया, निमोनिया एवं कुपोषण से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्तनपान की महत्ता तथा शिशु एवं बाल मृत्युदर में कमी हेतु उसके प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक है कि नवजात शिशु को जन्म के 1 घंटे के भीतर स्तनपान प्रारंभ करा देना चाहिए । मां का पहला गाढ़ा ,पीला दूध जिसे पीयूष या अमृत कहा जाता है,जरूर देना चाहिए यह बच्चे का पहला प्राकृतिक टीका है। नवजात शिशु को 6 माह तक केवल स्तनपान कराया जाए तथा 6 माह पूरा होने पर संपूरक आहार देना प्रारंभ किया जाए एवं शिशु के 2 वर्ष पूरे होने तक स्तनपान जारी रखा जाए ।उक्त जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्य प्रकाश ने जिला महिला चिकित्सालय के सभागार में विश्व स्तनपान सप्ताह एवं सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित धात्री महिलाओं की संगोष्ठी में दिया। इसके पूर्व उन्होंने फीता काटकर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। धात्री माताओं को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आरके गौतम, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अनूप अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अंजू दुबे ने विस्तार से स्तनपान के महत्व के बारे में जानकारी दी। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अनूप अग्रवाल ने बताया कि नवजात शिशु को लेट कर दूध नहीं पिलाना चाहिए ,इससे बच्चे में कान बहने की समस्या हो सकती है। बैठकर दूध पिलाएं तथा दोनों तरफ स्तनपान कराएं । यह बच्चे में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास करता है और मां को स्तन कैंसर एवं गर्भधारण होने से रोकता है। स्तनपान कराने से मां एवं शिशु के बीच भावनात्मक लगाव होता है ।उन्होंने बताया कि नवजात शिशु को ऊपरी दूध या डिब्बा का दूध,घुट्टी नहीं देना चाहिए। कोविड प्रोटोकॉल के तहत हाथ को अच्छी तरह से धुलने के उपरांत नवजात को दूध पिलाएं और मास्क का प्रयोग करे तथा सामाजिक दूरी का पालन



जरूर करें। इससे मां और नवजात शिशु दोनों सुरक्षित रहेंगे। अपर मुख्य अधिकारी डॉक्टर आरके गौतम ने बताया कि 2 अगस्त से 14 अगस्त तक सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है इसका उद्देश्य बाल्यावस्था में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में दस्त से होने वाली 10ः मृत्यु को निम्नलिखित तरीकों को अपनाकर रोका जा सकता है। उन्होंने बताया की बाल्यावस्था में दस्त के दौरान ओ आर एस एवं जिंक उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के मध्य दस्त के प्रबंधन एवं उपचार हेतु गतिविधियों को बढ़ावा देना है तथा लोगों को जागरूक करना है। ओ आर एस एवं जिंक सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया की स्वच्छता, हाथों को साफ रखने से विभिन्न रोगों से परिवार को सुरक्षित किया जा सकता है। इस पखवाड़े के दौरान आशा एवं ए एन एम द्वारा लोगों को जानकारी देने के साथ–साथ ओ आर एस एवं जिंक टेबलेट घरों तक पहुंचाया जाएगा। धात्री माताओं को फल वितरित किया गया। संगोष्ठी में सी एम एस ड्रा अंजू दुबे,अपर मुख्य अधिकारी डॉक्टर आरके गौतम, डॉक्टर नरेंद्र सिंह,ड्रा ललित कुमार, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अनूप अग्रवाल, डी एच ई आई ओ लाल बहादुर यादव, यूनिसेफ से जिला कोऑर्डिनेटर दिलशाद अहमद, सुरेश गौतम सहित धात्री माताएं उपस्थित रहे ।

# उचौलिया चौकी प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बच्चों को वितरित किये बैग

अवध की आवाज

लखीमपुर खीरी। पसगवां ब्लाक के अंतर्गत आज पूर्व माध्यमिक विद्यालय नरायनपुर अहलाद,ब्लॉक पसगवां खीरी में बैग वितरण कार्यक्रम का आयोजन प्रधान अध्यापिका रेखा भारतद्वाज द्वारा किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राहुल सिंह गौर चौकी प्रभारी उचौलिया मौजूद रहे । उन्होंने स्कूल के बच्चों को बेग वितरित करते हुए कहा बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की जरूरत



है उन्होंने कहा कि आज के समय मे पढ़ाई करना बहुत ही जरूरी है।इस भारत देश को पढ़े लिखे युवाओं की बहुत जरूरत है जिससे देश तेजी के साथ बिकास कर सके ।कार्यक्रम में उपस्थित प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री विस्वास सिंह ने बच्चों को रोजाना स्कूल जाने व मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए जागरूक किया ।कार्यक्रम में प्रधानपति वीरपाल,कु दिव्या यादव,सतेंद्र बहादुर सिंह,संजीव कुमार राघव,प्रियंक सिंह राठौर,श्रीमती मायादेवी ने प्रतिभाग किया।अध्यापकों ने बच्चों के अभिवावकों को कोविड वेक्सीन लेने के लिए

# कार्यवाहक आईजी अविरल कुमार द्वारा शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनकर कराया शिकायतों का त्वरित निस्तारण

सुरेश कुमार तिवारी

कहोबा चौराहा गोंडा यूनिसेफ इण्डिया के सहयोग से आयोजित अभियान "पुलिस चिल्ड्रेन इण्टरफेस प्रोग्राम" के तहत आज दिनाँक 02–08–2021 को यूनिसेफ इण्डिया, महिला शक्ति सेवा समिति गोण्डा व चाइल्ड हेल्प लाइन गोण्डा के सहयोग से शिविर कार्यालय गोण्डा में पुलिस



महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र के दिशा–निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में गांधी विद्यालय गोण्डा के छात्र अविरल कुमार को एक घण्टे के लिये कार्यवाहक आईजी का पदभार सौंपा गया। गाँधी विद्यालय गोण्डा के छात्र कार्यवाहक आईजी अविरल कुमार द्वारा शिविर कार्यालय में आये हुये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना गया एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया । जनपद गोण्डा के एक प्रकरण में मौके पर उपस्थित अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज को प्रकरण के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।पुलिस चिल्ड्रेन इण्टरफेस प्रोग्राम" कार्यक्रम में गाँधी विद्यालय के छात्र कृष्ण कुमार, वैभव, विशाल व छात्रा खुशबू, प्रतिभा को भी बारी–बारी से कार्यवाहक आईजी बनाया गया। आईजी डा0 राकेश सिंह द्वारा बच्चों से परिचय प्राप्त कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी द्य आईजी डा0 राकेश सिंह द्वारा सभी बच्चों से संवाद कर उनकी शैक्षिक योग्यता व उनके घर–परिवार आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा उन्हे मेहनत व लगन के साथ पढाई करने,खेलकूद में रुचि रखने वाले बच्चों को पढ़ायी के साथ–साथ खेलकूद को अपने जीवन का अहम बनाने की बात कही गयी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। आईजी राकेश सिंह द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस व बच्चों के बीच की सामाजिक दूरी को कम करते हुये बच्चों को पुलिस के कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान कर जागरुक व निडर बनाना तथा पुलिस व जनता के बीच सामाजिकता का विस्तार करना है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज,यूनिसेफ इण्डिया के मण्डलीय रिसोर्स पर्सन अनिल यादव,चाइल्ड हेल्प लाइन के आशीष मिश्रा आदि मौजूद रहे ।




# मुहर्रम के दिशानिर्देशों को लेकर उत्तर प्रदेश के शिया मौलवी नाराज

लखनऊ, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से जारी मुहर्रम के दिशानिर्देशों को लेकर शिया धर्मगुरुओं ने नाराजगी जताई है। शिया धर्मगुरु सोमवार को अपनी भविष्य की कार्रवाई तय करने के लिए कई बैठकें करेंगे। अखिल भारतीय शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए सोमवार शाम को एक बैठक बुलाई है। शिया मौलवियों का दावा है कि मुहर्रम को लेकर जारी गाइडलाइंस में उत्तर प्रदेश पुलिस ने आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। मुहर्रम के दौरान शांति बनाए रखने के लिए पुलिस आयुक्तों और पुलिस प्रमुखों को डीजीपी कार्यालय द्वारा जारी एक आंतरिक पत्र को शिया समुदाय के खिलाफ आरोप पत्र करार देते हुए, मौलवियों ने मांग की कि सरकार को दिशानिर्देशों को तुरंत वापस लेना चाहिए। मौलाना कल्बे नूरी ने कहा , यह दिशानिर्देश अस्वीकार्य हैं क्योंकि यह शांतिप्रिय शियाओं को खराब छवि में दिखाते हैं। मजलिस–ए–उलेमा–ए–हिंद के महासचिव मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि, दस्तावेज वापस लेने पर ही डीजीपी से बात हो सकेगी। उन्होंने कहा , भाषा निंदनीय है। हमने मुहर्रम समितियों से पुलिस और प्रशासन द्वारा बुलाई गई बैठकों का बहिष्कार करने को कहा है। शिया मरकजी चंद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि जिस व्यक्ति ने दस्तावेज तैयार किया था, वह जाहिर तौर पर शांति भंग करने की साजिश कर रहा है। गाइडलाइंस को लेकर मौलवी की मुख्य आपत्ति यह है कि सर्कुलर में मुहर्रम को बार–बार त्योहार बताया गया है। मौलाना यासूब अब्बास ने कहा , डीजीपी को पता होना चाहिए कि मुहर्रम निश्चित रूप से त्योहार नहीं है, बल्कि शोक का समय है। दिशानिर्देश मुस्लिम समुदाय के प्रति राज्य सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाते हैं। उन्होंने आगे कहा, यह दिशानिर्देश कहते हैं कि तबारा शिया समुदाय की ओर से पढ़ा जाता है। इसमें कहा गया है कि कुछ असामाजिक तत्व इसे जानवरों की पीठ पर लिखते हैं और ऐसी बातें लिखकर पतंग उड़ाते हैं जो सुन्नी समुदाय के लिए आपत्तिजनक हैं। यह शिया और सुन्नी समुदायों के बीच विभाजन पैदा करने के लिए जानबूझकर की गई कोशिश है। शिया मौलवियों ने सभी उलेमाओं और संगठनों से अपील की है कि अगर दिशा–निर्देश वापस नहीं लिया जाता है तो वे जिला और शहर स्तर पर शांति सभाओं का बहिष्कार करेंगे। यूपी के पुलिस महानिदेशालय (डीजीपी) मुकुल गोयल ने रविवार रात जारी दिशा–निर्देशों में आदेश दिया कि राज्य में मुहर्रम के साथ–साथ कोविड–उपयुक्त व्यवहार का पालन किया जाना चाहिए और प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए मनाया जाना चाहिए। डीजीपी ने कहा कि किसी भी तरह के हथियार के प्रदर्शन की इजाजत नहीं होगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को असामाजिक तत्वों के खिलाफ निवारक कार्रवाई करने और फर्जी और भड़काऊ कंटेंट के लिए सोशल मीडिया पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। यूपी डीजीपी ने अपने अधिकारियों से कोविड–19 के बारे में जागरूकता फैलाने और मुहर्रम को घर के अंदर मनाने की आवश्यकता के लिए धार्मिक नेताओं के साथ संवाद करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि, मुहर्रम पर होने वाले सभी कार्यक्रमों पर शांति समिति की बैठक में फैसला होना चाहिए। उन्होंने संवेदनशील इलाकों में पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात करने के भी आदेश दिए। डीजीपी ने निर्देश दिया कि, हर जिले में पर्याप्त संख्या में पुलिस पीएसी बल के रिजर्व रखे जाएं। मुहर्रम के दौरान धार्मिक जुलूसों की अनुमति नहीं देने का निर्णय योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा इस महीने की शुरूआत में कोविड –19 महामारी के कारण कांवड़ यात्रा पर प्रतिबंध लगाने के बाद आया है।

# छोटी छोटी कोशिश ही जीवन में बदलाव लाती है : लक्ष्य

लखनऊ। लक्ष्य की लखनऊ टीम ने अपने कमांडरों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण का आयोजन लखनऊ के जानकीपुरम में स्थित लक्ष्य कमांडर रेखा आर्या जी के निवास स्थान पर किया जिसमें प्रशिक्षण का मुख्य सन्देश " लक्ष्य कमांडर्स समाज में समाज के लिए 365 दिन" था। प्रशिक्षण



के मुख्य प्रशिक्षक डॉ बी.सुरेश (लखनऊ) थे। उन्होंने बहुजन समाज व महिला उत्थान में महापुरुषों के योगदान की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कोई भी आंदोलन जब तक सफल नहीं हो सकता जब तक समाज की महिलाये उस आंदोलन में बढ़चढ़कर हिस्सा ना लें। उन्होंने लक्ष्य कमांडरों के कार्य व समाज के प्रति 365 दिन समर्पण की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि लक्ष्य की महिला कमांडर यह बात अच्छे से समझ गई है कि छोटी छोटी कोशिश ही जीवन में बदलाव लाती है। इसलिए लक्ष्य की महिला कमांडर्स "लक्ष्य कमांडर्स समाज में समाज के लिए365 दिन" भाव के साथ समाज के अधिकारों के लिए दिनरात जुटी हुई है।

उनकी मेहनत का असर समाज पर साफ तौर दिखाई देने लगा है, समाज की महिलाये व युवा लक्ष्य टीम में तेजी के साथ जुड़ रहा है और उनके समर्पण की समाज में जोरदार चर्चा हो रही है। यह सामाजिक बदलाव ही है कि समाज की महिलाये अन्धविश्वास व धार्मिक मान्यताओं की बेड़ियों को तोड़कर अपने परिवार के साथ साथ समाज की भी जिम्मेदारी अच्छे से निभा रही हैं।

इस अवसर पर लक्ष्य कमांडरों ने अपने अपने अनुभव भी साझा किये और समाज के प्रति अपने समर्पण के भाव की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस प्रशिक्षण में लक्ष्य कमांडर रेखा आर्या, संघमित्रा गौतम, विजय लक्ष्मी गौतम, राजकुमारी कौशल, लक्ष्मी गौतम, बबिता सेन, धम्मप्रिया गौतम, देवकी बौद्ध, पूजा गुलाटी, रश्मि गौतम, पुष्पा भारती,रूबी आर्या, वंदना आर्या, विमलेश चौधरी,सुमन गौतम,प्रीती गौतम,मधु गौतम,शिव प्यारी, बबिता कुमारी,इं मुन्नी लाल जी, एम एल आर्या, एस पी कौशल,श्रवन कुमार,विनय प्रेम,सत्य प्रकाश भारती,राम बरन अम्बेडकर,मानेन्द्र कुमार गौतम, राहुल कुमार, कुलदीप बौद्ध, कौशलेंद्र सिंह,देवेन्द्र कुमार, शैलेन्द्र आर्या ने हिस्सा लिया।

# बिजली (संशोधन) विधेयक के खिलाफ जंतर मंतर पर तीन अगस्त से धरना देंगे कर्मचारी

लखनऊ, (वेबवार्ता)। केंद्र सरकार द्वारा संसद में बिजली (संशोधन) विधेयक 2021 रखे जाने की तैयारी के बीच बिजली कर्मचारी इसके विरोध में तीन अगस्त से दिल्ली के जंतर मंतर पर चार दिवसीय सत्याग्रह धरना शुरू करेंगे। 'नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लाइज एंड इंजीनियर्स' (एनसीसीओईई) के आवाहन पर देशभर के बिजली कर्मचारी और इंजीनियर तीन से छह अगस्त तक जंतर मंतर पर सत्याग्रह कर बिजली (संशोधन) विधेयक के विरोध में केंद्र सरकार का ध्यानाकर्षण करेंगे। कमेटी में शामिल 'ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन' के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने सोमवार को बताया कि तीन अगस्त को उत्तर भारत, चार अगस्त को पूर्व एवं पूर्वोत्तर भारत, पांच अगस्त को पश्चिमी भारत और छह अगस्त को दक्षिण भारत के विभिन्न प्रांतों के बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर और अभियंता जंतर मंतर पर सत्याग्रह कर बिजली (संशोधन) विधेयक वापस लेने की मांग करेंगे। उत्तर प्रदेश के बिजलीकर्मी चारों दिन सत्याग्रह में सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि सत्याग्रह कार्यक्रम के बाद अगले कदम के रूप में 10 अगस्त को देशभर के 15 लाख बिजली कर्मचारी व इंजीनियर एक दिन हड़ताल करेंगे। अगर केंद्र सरकार इस विधेयक को पारित कराने के लिए कोई एक तरफा कार्यवाही करती है और 10 अगस्त के पहले यह बिल संसद में रखा जाता है तो बिजली कर्मी उसी दिन हड़ताल करेंगे। दुबे ने मांग की कि बिजली (संशोधन) विधेयक को जल्दबाजी में संसद से पारित कराने के बजाय इसे बिजली मामलों की स्थाई समिति को भेजा जाना चाहिए। बिजली क्षेत्र के सबसे प्रमुख हितधारकों यानी बिजली उपभोक्ताओं और बिजली कर्मचारियों को इस समिति के सामने अपना पक्ष प्रस्तुत करने का पूरा अवसर दिया जाना चाहिए।

# यूपी में 16 अगस्त से खुलेंगे स्कूल, 50 फीसदी छात्र ही हो सकेंगे उपस्थित, कोविड प्रोटोकश्ल का करना होगा पालन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में 16 अगस्त से आधी क्षमता के साथ कक्षाओं का संचालन शुरू किया जाएगा। वहीं सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में एक सितंबर से कक्षाओं के संचालन शुरू होगा। सोमवार को आयोजित टीम 9 की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना संक्रमण की नियंत्रित स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सभी शिक्षण संस्थानों में नवीन सत्र प्रारंभ करने की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सभी बोर्डों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परिणाम घोषित हो चुके हैं। ऐसे में स्नातक स्तर पर दाखिले की प्रक्रिया 05 अगस्त से प्रारंभ की जाए। माध्यमिक शिक्षण संस्थानों में भी जिन विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत किया गया है, उनके दाखिले की प्रक्रिया भी शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों की कक्षाएं स्वाधीनता दिवस की तिथि से शुरू हों। स्वाधीनता दिवस के दिन "स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव" से जोड़ कर आयोजन हों। 16 अगस्त से आधी क्षमता के साथ पठन–पाठन प्रारम्भ किया जाए। वहीं, उच्च शिक्षण संस्थानों में पठन–पाठन प्रत्येक दशा में एक सितंबर से प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षण संस्थानों में कोविड प्रोटोकॉल के तहत अध्ययन– अध्यापन प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में सैनिटाइजर, इंफ्रारेड थर्मामीटर व मास्क की व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री ने शिक्षण संस्थानों के प्रारंभ होने के साथ 18 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों के टीकाकरण के विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग इसकी तैयारी करे। मुख्यमंत्री योगी ने सभी परिषदीय विद्यालयों में सैनिटाइजेशन कराने, शौचालयों की साफ–सफाई कराने और कक्षाओं को स्वच्छ रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभाग को बेसिक शिक्षा विभाग से समन्वय कर इसकी व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# युवाओं ने कराया जरूरतमंद परिवार की बेटी का विवाह, बेहद खुश हैं परिवारवाले

गोरखपुर। आर्थिक तंगी के कारण बेटी का निकाह कराने में असमर्थ परिवार के लिए शहर के कुछ युवक 'मसीहा' के रूप में सामने आए। इन्होंने न केवल आर्थिक मदद और बेटी को गृहस्थी बसाने के लिहाज से जरूरी सामान दिए बल्कि मौके पर मौजूद रहकर मेहमानों का सत्कार भी किया। युवकों की इस पहल को सराह रहे बेटी के परिवारवाले बेहद खुश हैं।

शहर के एक मुस्लिम बहुल मोहल्ले में रहने वाला परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। इस परिवार की एक बेटी की शादी होनी थी। रिश्ते के लिए लड़का भी मिल गया लेकिन धन की कमी के कारण विवाह नहीं हो पा रहा था। मोहल्ले के समीर अली, मो. फैज को इसकी जानकारी हुई। दोनों ने बेटी का निकाह कराने की ठानी। दोस्तों के बीच बेटी का निकाह कराने के लिए रकम इकट्ठा करना शुरू किया गया। उनके दोस्त मो. जैद, अमान अहमद, रियाज अहमद, सैयद जैद, मो. अरमान और जैद चिंटू ने मिलकर धन इकट्ठा किया। शनिवार को निकाह का कार्यक्रम तय किया गया। लड़के की ओर से आए पांच और कन्या पक्ष के दस लोगों की मौजूदगी में निकाह की रस्म पूरी कराई गई। लड़की को कन्याधन के रूप में 15786 रुपये, बर्तन सेट, प्रेस आदि सामान दिया गया। दूल्हा को सलाम कराई रस्म में उपहार दिया गया। निकाह के बाद नव विवाहित जोड़े को विदा किया गया। समीर अली ने बताया कि सामाजिक संस्था गौस ए आजम फाउंडेशन के तहत उनके दोस्त इसी प्रकार समाज के जरूरतमंद परिवारों की मदद करते रहेंगे।



## मुस्लिम महिला दिवस मनाने के सरकार के एलान पर पर्सनल लॉ बोर्ड नाराज, कहा– तीन तलाक कानून महिलाओं के लिए नुकसानदेह

लखनऊ। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने तीन तलाक कानून बनने के दिन को मुस्लिम महिला दिवस के तौर पर मनाने के केंद्र सरकार के एलान पर नाराजगी जताई है। बोर्ड ने कहा कि सरकार का यह एलान चोरी के ऊपर सीनाजोरी की तरह है। तीन तलाक कानून मुस्लिम महिलाओं के लिये नुकसानदेह है। बोर्ड ने इसमें कुछ जरूरी बदलाव करने की मांग की है। बोर्ड के कार्यकारी महासचिव मौलाना खालिद सैफउल्लाह रहमानी ने बयान जारी कर कहा कि तीन तलाक कानून ने मुस्लिम महिलाओं की परेशानियों को कम करने के बजाय बढ़ाने का काम किया है। इस कानून के तहत सरकार तीन तलाक को तलाक नहीं मानती, जबकि शरीयत के खिलाफ होने की वजह से मुस्लिम समाज इसे तलाक मानता है। यह कानून विवादास्पद है। इस कानून के तहत पीड़ित महिलाओं को सरकार की ओर से गुजारे भत्ते का हकदार करार दिया गया, जबकि पुरुष के लिये तीन साल की सजा है। ऐसे में जब शौहर जेल में होगा तो पत्नी को गुजारा भत्ता कैसे देगा। यही वजह है कि बड़े पैमाने पर महिलाएं इसका विरोध करती है। इसलिए उलमा की राय के मुताबिक कानून में बदलाव करना चाहिए।



# सम्पादकीय

## चौमासा में जीवन को नया आयाम मिलता है

चौमासा के चार माह व्रत उपासना का सुंदर अवसर है। विद्वानों ने 12 महीनों में से चार महीने का दायित्व, कर्त्तव्य और आनंद को एक अवधि में लाने का प्रयास किया है। हिन्दू संस्कृति में आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन मास पवित्र माने गये हैं। ये आषाढ़ शुक्ल एकादशी से प्रारम्भ होते हैं। कार्तिक शुक्ल एकादशी तक चलते हैं। चार माह में जीवन को एक नया आयाम मिलता है। तप और साधना को बल मिलता है। प्रकृति सदा से है। परिवर्तनशील है। अखंड सौभाग्यवती भी है। प्रकृति का एक–एक अंश गतिशील है। अनेक विद्वान इसे सांस्कृतिक दृष्टि से देखते हैं। प्रकृति के अणु और परमाणु न केवल गतिशील है, बल्कि नाच रहे हैं।

ऋग्वेद में सृष्टि के उद्भव का सुंदर उल्लेख है। बहुत अध्ययन योग्य एक मंत्र है। इसमें प्रश्न है कि पहले था क्या ? न सत् था, न असत् था, न रात्रि थी, न दिन था। तब क्या था ? यह एक आश्चर्यजनक जिज्ञासा है। ऋषि बताते हैं– "अनादी वातं स्वधया तदेकं।" उस वातावरण में वायु नहीं है लेकिन वह एक अपनी क्षमता के आधार पर "स्वधया तदेकं" सांस ले रहा है। वैदिक साहित्य में असत् और सत् का अर्थ सत्य और झूठ नहीं है। आगे बताते हैं कि असत् से सत् प्रकट हुआ। सृष्टि के पूर्व असत् है। असत् का अर्थ है अव्यक्त। उससे व्यक्त प्रकट हुआ। जब यह व्यक्त हुआ। तब ऋषि बताते हैं कि हे देव! आप बहुत नाचे। ग्रिफ्थ ने ऋग्वेद के इस अंश के अनुवाद में 'डांसिंग' शब्द का प्रयोग किया है। सत् प्रकट हुआ। देवता नाचने लगे। अस्तित्व सदा से है। इसका आदि और अंत नहीं है। यह सदा से है, सदा रहने वाला है। इसके भीतर चेतना का प्रवाह है। यह प्रकृति के प्रत्येक अंश में व्याप्त है। प्रकृति व्यक्त होती है। खिलती है, कभी–कभी अदृश्य होती है। कभी दृश्य होती है, कभी व्यक्त होती है, कभी अव्यक्त होती है। लेकिन यह एक ही चेतना है। यही सृष्टि के सभी रूपों में व्याप्त है।

ऋग्वेद में इसके लिए एक सुंदर मंत्रध्काव्य में कहते हैं– "इन्द्रर्यथैको भुवनं प्रविष्टो, रूपं रूपं प्रतिरूपो वभूवः।" यह एक इंद्र है। यही सबके भीतर है। भारत में अपनी बात कहने की और काव्य के रूप में उपस्थित करने की एक विशिष्ट परंपरा है। ऋषि कहते हैं–"इन्द्रर्यथैको भुवनं प्रविष्टो, रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूवः।" यह एक ही इंद्र है, जो प्रत्येक रूप में, रूप–रूप प्रतिरूप हो रहा है। प्रकृति अखंड सौभाग्यवती है और रूपवती भी है। हमारे सामने रूप है। रूप के भीतर एक ही परम सत्ता है। उपनिषदों में भी यही बात कही गई है– "अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो, रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूवः।" यह एक ही अग्नि सभी रूपों में रूप–रूप प्रतिरूप दिखाई पड़ रही है। यही बात भिन्न–भिन्न रूपों के लिए अपनी परंपरा में हजारों वर्ष से चली आ रही है। सर्वत्र एक ही चेतना है। कठोपनिषद में वायु के लिए कहते हैं–"वायुर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूवः।"

एक ही परम चेतना विभिन्न रूपों में प्रकट हुआ करती है। यह हमको सत्–चित्–आनंद से भर देती है। जहां–जहां गतिशीलता है, वहां वहां समय होता है। भारत में छह प्राचीन दर्शन हैं। उसमें से एक वैशेषिक है। वैशेषिक दर्शन के दृष्टा ऋषि ने काल को, द्रव्य बताया है। विज्ञान के लोग आश्चर्यचकित होंगे कि समय द्रव्य कैसे हो सकता है? यहां आत्मा भी द्रव्य है और काल भी। चरक संहिता में भी आत्मा व काल को द्रव्य बताया गया है। अथर्ववेद में काल सूक्त है। भृगु का गाया हुआ। बताते हैं कि काल में मन है, काल में प्राण है, काल में मृत्यु है, काल में जीवन है, काल में फूल खिलते हैं, बीज बनते हैं। काल की महिमा बहुत व्यापक बताई गई है। पहले गति, फिर काल। काल में फिर नया रूप। रूप एक है। रूप दिक् काल में ऋतु है। ऋतुओं का आनंद है। प्रत्येक ऋतु के गीत हैं, अपने अनुष्ठान हैं। प्रत्येक ऋतु के अपने कर्मकांड भी हैं। ऋतु प्रकट चेहरा है। इसके पीछे अंतर्निहित है पूरे ब्रह्मांड का संविधान। उसका नाम है ऋत। ब्रह्मांड को अंग्रेजी भाषा में कहें तो कई शब्द हैं। कॉसमॉस, यूनिवर्स। ऋत् प्रकृति का कॉन्स्टिट्यूशन है। ऋत का चेहरा है ऋतु। हमारे लोकजीवन में ऋत यानी प्रकृति का संविधान लागू है।

ऋतुएं आती हैं। अपने–अपने ढंग से आती हैं। प्रकट अस्तित्व का कोई भी नाम रख सकते हैं। प्रकृति रख सकते हैं। ब्रह्मांड रख सकते हैं। भगवान रख सकते हैं। शिव रख सकते हैं। सारे शब्द भारत की प्रज्ञा, रीति, प्रीति, भारत की संस्कृति का भाग हैं। साल में चार महीने हमारे पूर्वजों ने अलग से निकाले। यह महीने पुराणों में, विभिन्न प्राचीन आख्यानो में सब जगह मिलते हैं। इसमें कुछ कर्म करणीय हैं। कुछ अकरणीय। अकरणीय की सूची ध्यान से देखने योग्य है। इन चार महीनों में मंगल कार्य नहीं हो सकते। विवाह नहीं हो सकते। इस सूची का निर्माण तत्कालीन परिस्थितियों के आधार पर हुआ है। इसी चौमासा में वर्षा का अपना आनंद है। आकाश से मेघ धरती तक आते हैं। धरती माता की प्रीति उन्हें नीचे खींच लेती है। वर्षा अपनी मस्ती में आती है। मस्ती में गीत भी उगते हैं। भारत का लोकजीवन आनंदधर्मा है। लोक और शास्त्र में यहां कोई द्वंद्व नहीं है। शास्त्र लोक से ही सामग्री लेता है। उसे अपने अनुभवों से पकाता है। उसके अंतःकरण में प्रवेश करता है शास्त्र। फिर करणीय और अकरणीय तंत्र की सूची बनाता है। यही काम लोक अपने ढंग से करता है। लोक और शास्त्र दोनों एक ही मां पिता के पुत्र हैं। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र के शुरुआत में ही 'लोकायत' शब्द का इस्तेमाल किया है। चौमासा जैसे अन्य सारे अनुष्ठान लोक में प्रचलित हैं और शास्त्र द्वारा अनुमोदित भी हैं, इनसे हमारा जीवन आनंदमगन होता है।

ऋग्वेद के अंतिम सूक्त में ऋषि कहता है– "संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। देवा भागं यथा पूर्वे सञ्जानाना उपासते"।। हम साथ–साथ चलें, साथ–साथ बोलें, साथ–साथ उठें, साथ–साथ सांस्कृतिक अनुष्ठान और हमारे–आपके कर्म सब एक तरह हों। ऋषि आगे कहते है– "देवा भागं यथा पूर्वे सञ्जानाना उपासते"। हमारे पूर्वज भी यही करते आए हैं। यह एक प्रवाह है। हम वही करते हैं। हमारे पिता भी यही करते थे। उनके पिता भी यही करते थे। यही सनातन परंपरा है।

# नई वैश्विक फार्मेसी का परिदृश्य

–डा. जयंतीलाल भंडारी–

इस समय भारत दुनिया की नई फार्मेसी बनने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। हाल ही में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की जुलाई बुलेटिन में कहा गया है कि भारत में फार्मा उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस समय भारत का फार्मा उद्योग करीब 42 अरब डॉलर का है। यह 2026 तक 65 अरब डॉलर और 2030 तक 130 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। निःसंदेह कोरोना संक्रमण की आपदा भारत के लिए फार्मा और कोरोना वैक्सीन का मैन्युफैक्चरिंग हब बनने का अवसर लेकर आई है। इस समय भारत के दुनिया की नई फार्मेसी और कोरोना वैक्सीन का हब बनने के चार चमकीले कारण उभरकर दिखाई दे रहे हैं। एक, कोरोना महामारी के बीच जहां भारत में दवाई का उत्पादन बढ़ा है, वहीं दुनिया के विभिन्न देशों में दवाई निर्यात भी तेजी से बढ़े हैं। दो, भारत के लिए कोरोना वैक्सीन का वैश्विक उत्पादक और वितरक बनने का मौका निर्मित हुआ है। तीन, दवाई उत्पादन के लिए वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत 15000 करोड़ रुपए की धनराशि आबंटित की गई है तथा चार, दवाई व टीकों से संबंधित शोध और नवाचार के लिए वर्ष 2021–22 के बजट में विशेष आबंटन किया गया है। उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान भारत ने दवाई उत्पादन और निर्यात में असाधारण भूमिका निभाई है। कोरोना काल में फार्मा और मेडिकल सेक्टर के कई नए उत्पादों पीपीई किट, वेंटिलेटर, सर्जिकल मास्क, मेडिकल गॉगल्स आदि का भारत बड़ा उत्पादक और निर्यातक देश बन गया है। इस समय भारत दवाई उत्पादन की मात्रा के मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर और दवाई के मूल्य के मद्देनजर दुनिया में 14वें क्रम पर है। भारत में दवाई उत्पादन की लागत अमरीका एवं पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत कम है। स्थिति यह है कि भारत घरेलू और वैश्विक बाजारों के लिए विभिन्न महत्त्वपूर्ण, उच्च गुणवत्ता और कम लागत वाली दवाओं के निर्माण में एक प्रभावी भूमिका निभा रहा है।

यह कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले वित्त वर्ष 2020–21 में जहां वैश्विक दवाई बाजार में करीब दो फीसदी की गिरावट आई, वहीं भारत का दवाई निर्यात 18 फीसदी बढ़कर करीब 24.44 अरब डॉलर यानी करीब 1.76 लाख करोड़ रुपए की ऊंचाई पर पहुंच गया है। भारत से दवाई का निर्यात न केवल विभिन्न विकासशील देशों को बढ़ा है, वरन् यूरोपीय देशों और अमरीका सहित कई विकसित देशों में भी बढ़ा है। निःसंदेह भारत कोरोना वैक्सीन निर्माण के नए मुकाम की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस समय दुनियाभर में इस्तेमाल की जाने वाली करीब 60 फीसदी वैक्सीन भारत में बनाई जाती है। ऑक्सफोर्ड–एस्ट्रोजेनेका के साथ मिलकर बनाई गई सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की 'कोविशील्ड' तथा स्वदेश में विकसित भारत बायोटेक की 'कोवैक्सीन' का उपयोग देशव्यापी टीकाकरण अभियान में किया जा रहा है। कोरोना वायरस महामारी की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर भारत ने देश में कोरोना वैक्सीन के उत्पादन की गति बढ़ा दी है। अब भारत में नोवावैक्स की कोरोना वैक्सीन का उत्पादन भी दिखाई दे रहा है। इस वैक्सीन का उत्पादन पुणे का सीरम इंस्टीट्यूट कर रहा है, जो ऑक्सफोर्ड–एस्ट्राजेनेका की कोविशील्ड का भी उत्पादन कर रहा है। इतना ही नहीं, क्वाड ग्रुप के चार देशों अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, जापान और भारत के द्वारा भारत में वर्ष 2022 के अंत तक कोरोना वैक्सीन के सौ करोड़ डोज निर्मित कराने का जो निर्णय लिया गया है, इससे भारत दुनिया की कोरोना वैक्सीन महाशक्ति के रूप में उभरकर दिखाई दे सकेगा। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत देश को दवाई का मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के मद्देनजर पीएलआई योजना के अंतर्गत अधिक कीमतों वाली दवाइयों के स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन देने और चीन से बाहर निकलती फार्मा मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को भारत की ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से फार्मास्युटिकल उत्पादों के लिए 15000 करोड़ रुपए की पीएलआई योजना को मंजूरी दी है।

सरकार को इस योजना के जरिए घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय, दोनों स्तर की दवा निर्माता कंपनियों से करीब 50000 करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त होने की उम्मीद है। पीएलआई स्कीम के तहत सरकार के द्वारा दवाई बनाने के लिए कच्चे माल के स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 6940 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन धनराशि घोषित हो चुकी है। इससे दवाओं के एक्सीपियंट्स यानी पूरक पदार्थों के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। अभी देश में एक्सीपियंट्स का करीब 70 फीसदी से अधिक आयात करना पड़ता है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि कोविड–19 भारत में नए चिकित्सकीय शोध और नवाचार को बढ़ावा देने का भी एक अवसर बन गया है। सामान्य तौर पर किसी बीमारी का टीका बनाने में कई वर्ष लगते हैं, लेकिन भारत में कोरोना वायरस की चुनौती के मद्देनजर कुछ महीनों के अंदर कोरोना के टीका बनाने का कठिन लक्ष्य पूरा करके बड़े पैमाने पर सफलतापूर्वक उत्पादन किया जा रहा है। ऐसे में बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के बिल गेट्स ने कहा कि कोरोना महामारी को खत्म करने के लिए टीके के निर्माण में भारतीय वैज्ञानिकों की शोध और नवाचार की भूमिका बेहतरीन रही है। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि चालू वित्तीय वर्ष 2021–22 के बजट में रिसर्च और इनोवेशन को आगे बढ़ाने के लिए 50 हजार करोड़ खर्च किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इसके साथ ही नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) के गठन का ऐलान भी किया गया है, जो इसी साल 2021 से काम शुरू कर देगा। भारत की यह भी उपलब्धि है कि विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) द्वारा जारी वैश्विक नवाचार सूचकांक ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) 2020 में भारत चार पायदान ऊपर चढ़कर 48वें स्थान पर पहुंच गया है।

भारत वर्ष 2019 में इस इंडेक्स में 52वें पायदान पर था और 2015 में 81वें स्थान पर था। निश्चित रूप से दुनिया के मानचित्र पर भारत के नई वैश्विक फार्मेसी और कोरोना वैक्सीन का हब बनने की जो चमकीली संभावनाएं निर्मित हुई हैं, उन्हें रणनीतिक प्रयासों से मुठ्ठियों में लिए जाने का हरसंभव प्रयास किया जाना होगा। फार्मा सेक्टर से संबंधित पीएलआई योजना से दवाई उत्पादन बढ़ाने पर सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी होगी। फार्मा सेक्टर में आरएंडडी पर खर्च बढ़ाया जाना होगा। चूंकि कोरोना वैक्सीन के उत्पादन में काम आने वाले कई तरह के कच्चे माल के निर्यात पर अमरीका ने पाबंदी लगाई हुई है, अतएव भारत के द्वारा अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से इस पाबंदी को हटाए जाने का विशेष अनुरोध किया जाना होगा, ताकि भारत पूरी क्षमता से कोरोना वैक्सीन का उत्पादन कर सके। कोरोना वैक्सीन उत्पादन के लिए जहां टीका उत्पादकों को वित्तीय सहयोग दिया जाना होगा, वहीं वैश्विक निवेश आकर्षित किया जाना होगा। हम उम्मीद करें कि अब भारत के द्वारा दुनिया की नई फार्मेसी और कोरोना वैक्सीन हब बनने का चमकीला अध्याय लिखा जा सकेगा। हम उम्मीद करें कि भारत का फार्मा सेक्टर छलांगे लगाकर बढ़ते हुए 2026 तक 65 अरब डॉलर और 2030 तक 130 अरब डॉलर की ऊंचाई के स्तर पर पहुंचते हुए दिखाई दे सकेगा।

# कामगारों व युवाओं के प्रेरणा स्रोत सर्वेश पाठक

अवध की आवाज ब्यूरो

मनकापुर गोंडा। भारतीय जनता पार्टी अनुषांगिक संगठन के राष्ट्रीय महासचिव माननीय सर्वेश पाठक जी कामगारों एवं मजदूरों के लिए निरंतर दिल जान से लगे हुए हैं पाठक का कहना है कि निचले पायदान पर बैठे



हुए श्रमिक मजदूर कामगार जो है जिन तक भारत सरकार और राज्य सरकार की स्कीम में नहीं पहुंच पा रही है उनके लिए प्रत्येक गांव को गोद लेकर कार्यकर्ता हमारे काम कर रहे हैं। उसकी मॉनिटरिंग करने के लिए प्रदेश क्षेत्र, जिला कमेटी भी पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रही है। पाठक कार्यक्रम का जायजा लेते हुए विभिन्न केंद्रों का दौरा किया जिससे पता चला कि अब तक लगभग 70 हजार श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन भारत सरकार की वेबसाइट पर किया जा चुका है जिसमें लगभग 45 से 50हजार कामगारों के खाते में सीधे पैसे और रोजगार की व्यवस्था हो रही है। पाठक ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति के हाथ में काम और प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान मिलना यह स्वाभाविक है। पाठक के कार्यक्रम के दौरान युवाओं में काफी जोश रहा जगह–जगह जोरदार नारों की गूंज से भव्य तरीके से सैकड़ों युवाओं ने उनका स्वागत किया और पाठक के सोच को सराहना करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह प्रदेश संगठन महामंत्री योगेंद्र गंगवार प्रदेश महामंत्री मनीष मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग पाठक प्रदेश आईटी संयोजक गौरव शर्मा प्रदेश मंत्री आशुतोष मिश्रा प्रदेश मंत्री राम उग्र गुप्ता एवं प्रमुख कार्यकर्ता सैकड़ों युवाओं की भीड़ उपस्थित रही।

# खंड शिक्षा अधिकारी के स्थान तरण पर किया गया विदाई समारोह का आयोजन

अवध की आवाज ब्यूरो

मनकापुर गोंडा। खंड शिक्षा अधिकारी, आनंद प्रकाश सिंह का गोण्डा में 14/08/2012 से 18/07/2021 लगभग 9 वर्ष बहुत ही निष्ठा,सहयोग, मिलनसार,की भावना के साथ मे कटरा,इटियाथोक,बेलसर, तरबगंज,वजीरगंज,मनकापुर एवं झंझरी में अपनी सेवा के दौरान बिना किसी विवाद के उपरांत जनपद देवरिया स्थानान्तरण होने पर उनके विदाई सम्मान समारोह के साक्षी, वीर विक्रम सिंह, सुरेश सिंह, रघुनाथ पांडे, राम प्रताप वर्मा,अफजाल अहमद, अफसर हसन,पंकज चौधरी, आशुतोष तिवारी,अतुल शुक्ला, तेजेंद्र सर, इरशाद अहमद मोहम्मद रईस, शालिनी मिश्रा, प्रतिमा मिश्रा,मुन्नी सिंह ,जीनत बानो,कंचन वर्मा,(कस्तूरबा), गौरव श्रीवास्तव,रजनीश श्रीवास्तव,




मोहम्मद इमरान एवं बीआरसी के समस्त स्टाफ व ए0आर0पी0 हेमंत सिंह, मोहम्मद अनीस,राहुल देव वर्मा, अशोक सिंह, ने खंड शिक्षा अधिकारी को भावभीनी विदाई सर के कार्यकाल को याद करते हुए किया गया,जिसमें नवागत खंड शिक्षा अधिकारी, आर0के0सिंह ने पुष्पमाला पहनाकर किया। समस्त झंझरी ब्लॉक एवं जनपद गोंडा के शिक्षकों के द्वारा उज्जवल भविष्य एवं शिक्षक हित में निरंतर कार्य करते हुए आगे बढ़ने की कामना करते हैं।

# एनवाईके द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता की दिलाई गई शपथ।

अवध की आवाज ब्यूरो

निघासन खीरी। नेहरू युवा केन्द्र लखीमपुर खीरी के तत्वाधान में 01अगस्त से 15 अगस्त चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड निघासन के नेहरू युवा स्वयंसेवक शरद मिश्रा व सुनील कुमार के द्वारा ग्राम व क्षेत्र वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता की शपथ दिलाई गई। बताते चलें कि विकासखण्ड निघासन अंतर्गत गाँव झंडी में नेहरू युवा स्वयं सेवकों द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए स्वच्छ्ता के प्रति शपथ दिलाई।इस दौरान ब्लॉक निघासन के नेहरू युवा स्वयं सेवक शरद मिश्रा ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि हम ऐसे परिवेश में रह रहे है जहां सफाई बहुत जरूरी है। इन दिनों कोरोना काल के चलते हम सभी को ध्यान देना है कि चेहरे पर मास्क व उचित दूरी के साथ–साथ हम सभी को अपने आसपास गली मोहल्लों में सफाई अभियान चलाकर वातावरण को स्वच्छ बनाये। नेहरू युवा स्वयं सेवक शरद मिश्रा ने यह भी कहा कि यह देश हम सभी का है और हम सभी की ये जिम्मेदारी है कि हम अपने देश



को स्वच्छ रखें ताकि गंदगी से पैदा होने वाली बीमारियों से निजात मिल सके। इस दौरान नेहरू युवा स्वयं सेवक शरद मिश्रा के साथ स्वयं सेवक सुनील कुमार ने भी लोगों को जागरूक किया।

# इटियाथोक कस्बे में वृक्षारोपण के लिए गड्ढों के खुदाई का कार्य शुरू

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। पर्यावरण हितैषी इटियाथोक कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे की अनूठी पहल कस्बे में स्थित हनुमान मंदिर चौराहे से स्टेशन रोड को जाने वाली सड़क मार्ग के दोनों तरफ छायादार वृक्षों को लगवा कर कस्बा वासियों को शीतलता प्रदान करने के लिए प्रभारी निरीक्षक श्री दुबे के द्वारा हाइड्रा मशीन के जरिए वृक्षारोपण हेतु गड्ढों की खुदाई का कार्य रविवार दोपहर को स्वयं की मौजूदगी में प्रारंभ कराया। सड़क मार्ग के दोनों तरफ खोदे गए गड्ढों में नीम व अशोक के 50 सुंदर वृक्षों का रोपण कराया जाएगा और वृक्षों की सुरक्षा के लिए सुंदर व मजबूत ट्री गार्ड लगाकर प्रमुख व्यवसायियों को सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। प्रभारी निरीक्षक नें कार्य भार संभालते ही कोतवाली परिसर को हरा–भरा व प्रदूषण मुक्त बनाने का सराहनीय कार्य किया और अब इटियाथोक कस्बे को प्रदूषण मुक्त बना कर हरियाली लाने के कार्य में जुट गए उनके इस कार्य की कस्बा वासियों के द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा व सराहना की जा रही है।





# अपना दल एस के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पटेल की अध्यक्षता में पार्टी की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। दिनांक 1 अगस्त 2021 को जिला सीतापुर मुख्यालय पर अपना दल एस के जिलाध्यक्ष माननीय जयप्रकाश पटेल की अध्यक्षता में पार्टी की समीक्षा बैठक सम्पन्न की गई । जिसमे मंच के संचालक तारा चंद्र पटेल प्रदेश महा सचिव किसान मंच अपना दल एस जी ने किया ।जिसमे मुख्य अतिथि माननीय के के पटेल जी राष्ट्रीय सचिव,एवं मध्य जोन प्रभारी , एवं सह मध्य जोन प्रभारी झिंकान चौधरी जी , अविनाश साहू जी आईटी मंच, सावंत पटेल छात्र मंच प्रदेश अध्यक्ष , डॉ सरोज वर्मा प्रदेश महा सचिव , अमर सिंह पटेल राष्ट्रीय सचिव ,अशोक पटेल राष्ट्रीय सचिव शिक्षक मंच , जिसमे राष्ट्रीय एवं प्रदेश एवं जिला कमेटी एवम विधानसभा कमेटी ,जोन कमेटी तथा सैकड़ो कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।



# एनटीपीसी–विंध्याचल द्वारा 09 कर्मचारियों को सेवानिवृत होने पर दी गई भावभीनी विदाई

अवध की अवाज

सिंगरौली। यह मानते हुए कि एनटीपीसी विंध्याचल अपने कर्मचारियों के अथक प्रयासों के कारण ही भारत के विशालतम विद्युत संयंत्र के रूप में स्थापित हो पाया है, विंध्याचल प्रबंधन ने परियोजना की सफलता में योगदान देने वाले 09 सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों को सम्मानित किया।भारत सरकार के दिशानिर्देशानुसार इस वैश्विक महामारी के समय में सोशल डिस्टेन्सिंग को ध्यान में रखते हुए एवं सभी एहतियातों का पालन करते हुए एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा माह जुलाई, 2021 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों श्री राजीव सूबेदार महाप्रबंधक (प्रचालन), श्री आर सी मौर्य, सहायक प्रबंधक (एमजीआर), श्री हरिहर प्रसाद तिवारी, सहायक प्रबंध्क (ईंधन संचालन), श्री तूफानी राम, सहायक प्रबंधक (एसएलपीएस) (एमएम ऑफसाइट), श्री गोरख नाथ प्रसाद, इंजीनियर (लघु हाइड्रो), श्री फूल चंद, इंजीनियर (सी एंड आई, रखरखाव), श्री चिन्तेश बहादुर सिंह, जूनियर अधिकारी (सी एंड एम– स्टोर), श्री धनेश्वर उरांव, उप अधिकारी (रसायन विज्ञान) एवं श्रीमती रागिनी, मिडवाइफ (मेडिकल) को उनके विभागाध्यक्षों द्वारा अपने–अपने विभागों में विदाई दी गयी । इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) श्री मुनीश जौहरी नें सभी सेवानिवृत होने वाले सभी कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की । विभागाध्यक्षों द्वारा अपने–अपने विभाग के सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी तथा विभागाध्यक्षों ने उनके सुखद व स्वस्थ जीवन हेतु एनटीपीसी परिवार की तरफ से ढेर सारी शुभकामनाएँ दी । विदाई समारोह के अवसर पर कर्मचारियों ने अपने विभागाध्यक्ष के साथ एनटीपीसी में बिताए गए पलों को साझा किया तथा एनटीपीसी परिवार से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद किया।





उन्नाव।शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार मंडल बदरका की कार्यसमिति बैठक मंडल अध्यक्ष विद्या भास्कर जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रुप में जिला महामंत्री श्री नूतन सिंह जी ने सभी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा आईटी इंद्रजीत रावत , छोटू पंडित, धीरज शुक्ला जी, ऋतिक गुप्ता जी, गौरव अवस्थी जी, भाजपा बूथ अध्यक्ष धीरज विश्वकर्मा जी, विकाश दीक्षित जी, शशिकांत शुक्ला जी, अनुज राजपूत जी, महेंद्र वर्मा जी, एवम् मंडल के सभी कार्यकर्ता एवम युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी एवम् कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड–19 रोधी टीके की दूसरी खुराक ली

लखनऊ, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कोविड–19 रोधी टीके की दूसरी खुराक ली और सभी लोगों से टीका लगवाने की अपील की। योगी ने इसकी जानकारी देते हुए ट्वीट किया, '' आज स्वदेशी कोविड–19 रोधी टीके की दूसरी खुराक लेकर मन प्रफुल्लित है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में टीके का यह 'सुरक्षा कवच' सभी नागरिकों को मुफ्त प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने जनता से टीके लगवाने की अपील करते हुए कहा, '' आप सभी लोग भी अपना क्रम आने पर अवश्य लगवाएं 'टीका जीत का' । तभी कोरोना हारेगा, भारत जीतेगा। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने गत पांच अप्रैल को कोविड–19 रोधी टीके की पहली खुराक ली थी।

# एनजीओ प्रकोष्ठ अवध क्षेत्र के सहसंयोजक पद पर मनोनीत हुए डॉ रामानंद तिवारी

अजीजुद्दीन सिद्दीकी

मनकापुर गोंडा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा बेंदुली निवासी उत्कर्ष फाउण्डेशन के सचिव डॉ रामानन्द तिवारी को अवध क्षेत्र के एनजीओ प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सहसंयोजक बनाये जाने पर क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ताओं एवं भाजपा नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त किया, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ ओपी मिश्र, पीयूष मिश्र पूर्व जिलाध्यक्ष, डॉ रंजन शर्मा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, राजेश राय चंदानी जिला उपाध्यक्ष, आशीष त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष गोण्डा, रवि प्रकाश तिवारी मण्डल अध्यक्ष बहलोलपुर, राकेश चतुर्वेदी पूर्व मण्डल अध्यक्ष, पीडी मिश्र पूर्व मण्डल अध्यक्ष, उमा शंकर शुक्ल जिला कार्य समिति सदस्य, सुरेश नारायण पांडेय प्रबंधक सरस्वती विद्या मंदिर इटियाथोक, चीकू तिवारी, मंजूर अहमद क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य अल्पसंख्यक मोर्चा अवध, संदीप उपाध्याय जिला सह संयोजक सोशल मीडिया बलरामपुर, सौरभ तिवारी मण्डल उपाध्यक्ष भाजयुमो खरगूपुर, अतुल तिवारी खरगूपुर, सौरभ तिवारी, रवि चतुर्वेदी, सुनील तिवारी, अजय राठौर मण्डल मंत्री इटियाथोक सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्वयं सेवी संस्था प्रमुखों ने फोन, मेसेंजर, फेसबुक अन्य माध्यमों से संदेश भेजकर बधाई दिया। इस अवसर पर नवीन दायित्व प्राप्त होने पर डॉ रामानन्द तिवारी ने क्षेत्रीय अध्यक्ष, सहित जिला एवं प्रदेश अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों के निर्वहन करने की बात कही एवं बधाई देने वाले कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।



# भाजपा अनुषांगिक संगठन के प्रदेश मंत्री बने आशुतोष मिश्रा

अजीजुद्दीन सिद्दीकी

मनकापुर गोंडा। हाउसिंग कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय आशुतोष मिश्रा को भारतीय जनता पार्टी के अनुषांगिक संगठन भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ का प्रदेश मंत्री मनोनीत किया गया ऐसे अवसर पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर के साथ श्री मिश्रा का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया और उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मिश्रा जी ने हमारे जनपद का गौरव बढ़ाने के लिए श्री आशुतोष मिश्रा जी को बहुत–बहुत शुभकामनाएं श्री मिश्रा ने बताया की हमारे अगुवा राष्ट्रीय महासचिव माननीय सर्वेश पाठक जी के नेतृत्व में जो कार्य करने का मुझे अवसर मिला है मैं हृदय से माननीय सर्वेश पाठक जी केंद्रीय मंत्री माननीय नितिन गडकरी जी, केंद्रीय मंत्री माननीय राजनाथ सिंह जी का मैं जीवन भर ऋणी रहूंगा जो उन्होंने मेरे ऊपर भरोसा करके एक जिम्मेदार पद का मनोनयन किया है इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह प्रदेश महामंत्री मनीष मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश महेश्वरी प्रदेश संगठन महामंत्री योगेंद्र गंगवार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे सभी ने श्री मिश्रा का गर्मजोशी के साथ अभिवादन किया।






मौरावां उन्नाव। छेड़खानी का अभियुक्त गिरफ्तार सूरज पुत्र दुर्गा प्रसाद लोधी निवासी शिव बकस खेड़ा थाना मौरावा जनपद उन्नाव अभियोग में नामित वांछित चल रहे सूरज को मुखबिर की सूचना पर बस अड्डे के पास से थाना मौरावा पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# युवती के द्वारा युवक के पिटाई के मामले में दर्ज हुआ मुकदमा

अवध की आवाज

लखनऊ। पीड़ित सादत अली ने कृष्णा नगर कोतवाली में दर्ज मुकदमा कराया। आखिकार रंगबाज युवती प्रियदर्शनी नारायण पर धारा 394,427 में मुकदमा दर्ज हो ही गया। पीड़ित के अनुसार कार के डेस्क बोर्ड में रखे 600 रु युवती ने लूटे। इसके साथ साथ मोबाइल व कार का शीशा भी तोड़ दिया। कृष्णा नगर पुलिस पर पीड़ित ने गंभीर आरोप लगाए। पीड़ित का कहना कि पुलिस ने लॉकअप में डाल कर उन्हें अपमानित किया। कार की लोकेशन ट्रेस कर भाई जब पहुचे थाने तो उन्हें भी लॉकअप में डाल दिया गया। सुबह गाड़ी छोड़ने के एवज में पुलिस ने 10 हजार रु भी लिए। पुलिस ने इसलिए कार्यवाई नही कि युवती पर युवती पुलिस की मुखबिर हैं। उल्टा पीड़ित के साथ दो लोगो का 151 में चालान किया था। पीड़ित ने पुलिस कर्मियों पर भी कार्यवाई की मांग की है।

# विभिन्न योगासनों में विश्व रिकार्ड बनाने वाले बच्चों को आईजी डा0 राकेश सिंह द्वारा मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। रविवार को पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा डा0 राकेश सिंह द्वारा योग के विभिन्न आसनो में विश्व स्तरीय रिकार्ड बनाने वाले योगियों को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया की ज्ञातव्य हो कि दिनाँक 22 मार्च 2021 को योग में विश्व कीर्तिमान स्थापित करने के लिये अखिल भारतीय योग महासंघ संस्था राजस्थान द्वारा आनलाइन आडिशन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें गोण्डा निवासी आशीष गुप्ता, माही गुप्ता, आस्था सुमन श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड गोण्डा से आनलाइन जुड़कर प्रतिभाग किया गया था। कार्यक्रम में प्रतिभागी आशीष गुप्ता द्वारा 13 मिनट 30 सेकेण्ड के समय में 400 मीटर चक्रासन में चलकर योगा वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड अपने नाम कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। इसी क्रम में प्रतिभागी माही गुप्ता द्वारा जानु सिरासन में 02 घण्टे 08 मिनट 10 सेकेण्ड होल्ड कर व आस्था सुमन श्रीवास्तव द्वारा एकपाद सिरासन में 55 मिनट 25 सेकेण्ड तक होल्ड कर



योगा वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड में कीर्तिमान स्थापित कर जनपद व देश का नाम रोशन किया।

बच्चों द्वारा किये गये उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुये आईजी डा0 राकेश सिंह द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि जिन्दगी में कुछ नया व हटकर करने की चाहत तो हम सभी के अन्दर होती है। इसमें भी अगर आप वर्ल्ड रिकार्ड बनाने में कामयाब हो जायें तो बात ही कुछ और होती है। आईजी डा0 राकेश सिंह द्वारा बच्चों के उज्जवल निरोगी व दिव्य भविष्य की कामना की।

बच्चों द्वारा बनाये गये रिकार्ड पर उनके योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी द्वारा अपने वक्तव्य में बच्चों की प्रशंसा करते हुये जीवन में मिलने वाले स्वर्णिम अवसरों का लाभ उठाते हुये सफलता हासिल करने वाले बच्चों से तुलना करते हुये उनके कार्य की सराहना कर उनके उज्जवल भविष्य का कामना की। इस अवसर पर आदित्य प्रताप सिंह, आदर्श गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सावन मास के दूसरे सोमवार को श्रद्धांजलिओं की जल चढ़ाने के लिए उमड़ी भीड़

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। सावन मास के दूसरे सोमवार को भगवान का दर्शन एवं जल चढ़ाने के लिए महिला पुरुष बच्चों सहित अन्य श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस रहे मौजूद आपको बताते चलें कि मनकापुर तहसील के अंतर्गत आने वाले मछली गांव बाजार के पास बने बाबा करोहा नाथ मंदिर पर सावन मास के दूसरे सोमवार को जल चढ़ाने के लिए क्षेत्र के भक्तों ने करो हा नाथ मंदिर पर पहुंच कर शंकर भगवान का दर्शन कर जल चढ़ाया और आशीर्वाद लिया वही सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मछली बाजार चौकी इंचार्ज सत्येंद्र वर्मा अपने हमराहीयो के साथ तैनात रहे आपको बताते चलें कि इस समय सावन मास का महीना चल रहा है और सभी महादेव के स्थान पर क्षेत्र के लोग पहुंचकर भगवान का दर्शन करते हैं और जल चढ़ाते हैं तथा अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की कामना भी करते हैं।



# अंशुमान पटेल बने हिंदू जागरण मंच युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष

अवध की आवाज ब्यूरो

बरेली। हिंदू जागरण मंच ब्रज प्रांत की बैठक कासगंज में संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति हिंदू जागरण मंच ब्रज प्रांत के युवा वाहिनी अध्यक्ष राजेश वर्मा को युवा वाहिनी का महामंत्री देवेंद्र पांडे जी को प्रांतीय उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री उमाकांत , प्रांत उपाध्यक्ष, गोपाल सिंह , प्रांत प्रचार



अंशुमान जी को बनाया गया और ब्रज प्रांत के विधि प्रमुख प्रतिपल जी को बनाया गया, प्रांत महामंत्री सुरेंद्र सिंह भागौर और संपर्क प्रमुख अशोक कुलश्रेष्ठ द्वारा माल्यार्पण करके कासगंज प्रांतीय बैठक में दायित्व प्रदान किए गए साथ ही पुष्पेंद्र यादव जी को हिंदू जागरण मंच प्रांत मंत्री प्रमुख नितेश कपूर ,प्रांत सह प्रचार प्रमुख अतुल यादव ,प्रांत उपाध्यक्ष अभिषेक रंजन आर्य जी प्रांत उपाध्यक्ष अभिषेक रंजन जी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कासगंज से बरेली मार्ग पर कई जगह युवा वाहिनी अध्यक्ष अंशुमान पटेल जी और विधि प्रमुख प्रतिपाल का स्वागत किया गया...




# खबर का हुआ असर

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र सदर विधान सभा में सिकंदरपुर सरोसी के निकट बरकोता पुल 6 से 7 महीने से चल रहा कार्य पूर्ण न होने कारण आम जनमानस था परेशान अवध की आवाज दैनिक समाचार में चली थी खबर, खबर का हुआ असर आने जाने के लिए पाईप डालकर आने जाने का हो रहा बंदोबस्त। संवाददाता हिमांशु शुक्ला ने खबर कवरेज करके आम जनमानस की बात उच्च अधिकारियों को अवध की आवाज के द्वारा अवगत कराया था खबर का हुआ असर वहां के जनप्रतिनिधि एवं उच्च अधिकारियों ने खबर को संज्ञान में लेते हुए आने जाने वालों को हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिए संबंधित लोगों को किया गया सक्रिय।



अवध की आवाज हिंदी दैनिक समाचार पत्र लखनऊ से प्रकाशित अवध की आवाज दैनिक समाचार भेंट करते गुड्डू मिश्रा कानपुर मंडल प्रभारी कानपुर आरटीओ राकेश जी को अवध की आवाज हिंदी दैनिक समाचार पत्र लखनऊ से प्रकाशित गुड्डू मिश्रा कानपुर मंडल प्रभारी ब्यूरो चीफ उन्नाव

अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।